इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 25 मई 2023
वर्ष 15 अंक 259 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।
- प्रेमचंद

तापमान - अधिकतम 38.2°C (-2.0) न्यूनतम 26.8°C(+1.3) सेंसेक्स 61,773.78 (-208.01) निफ्टी 18,285.40 (-062.60) सोना 61,510 चांदी 74,050 मुद्रा - डालर 82.67 दिरहम 22.51 रियाल 22.04

एरा विश्वविद्यालय में स्टेट चैप्टर यूपी सेल, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज का समारोह आज

लखनऊ (सं)। एराज़ लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा विश्वविद्यालय में स्टेट चैप्टर यूपी सेल, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज समारोह का आयोजन किया जाएगा।

गुरुवार 25 मई को होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया) के अध्यक्ष व इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज (आईएलबीएस) के डायरेक्टर एंड चांसलर प्रो. एस.के. सरीन मौजूद रहेंगे। उनके साथ नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज की पूर्व अध्यक्ष एवं केजीएमयू के पूर्व कुलपति डॉ.

सरोज चूड़ामणि गोपाल, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. दिगंबर बेहरा, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज के सचिव डॉ. उमेश कपिल, केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी, संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमान, एरा विश्वविद्यालय की प्रो-वाइस चांसलर प्रो. फरजाना महदी, एरा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. अब्बास अली महदी समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

इस अवसर पर संयोजक स्टेट चैप्टर (यूपी), नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रोफेसर श्वसन चिकित्सा विभाग प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह पहला स्टेट चैप्टर सेल है, जो कि उत्तर प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सेल का कार्य स्वास्थ्य पेशेवरों के ज्ञान, कौशल, प्रथाओं को अद्यतन करने का अवसर प्रदान करने सहित उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की सभी गतिविधियों में सुधार करना होगा। पेशेवर निकायों, संगठनों, राज्य के स्वास्थ्य, एनजीओ, हितधारकों के साथ प्रभावी शैक्षणिक नेटवर्किंग करना, महत्वपूर्ण स्थानीय स्वास्थ्य नीति मुद्दों की पहचान करके राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता करना और राज्य में नीति निर्माताओं के लिए अवधारणा, श्वेत पत्र व नीति पत्र विकसित करना। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य से राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के अध्येता और लखनऊ में विभिन्न संस्थानों से एनएएमएस के सदस्य भाग लेंगे।